बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :– 03 / भू0अ0नि0(4)आरोप(विविध)–09 / 2025 1277 पटना, दिनांक :– 21/04/2026

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 169 दिनांक 25.02.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री जितेन्द्र कुमार रंजन, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN12042) द्वारा दिनांक 05.02.2025 से वाट्सेप पर आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर प्रतिवेदित तिथि तक अनुपस्थित हैं। फलस्वरूप आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1294 दिनांक 19.03.2025 द्वारा श्री रंजन से 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा अनुपस्थिति के संदर्भ में स्वयं के बिमार होने की बात अंकित की गयी है। साथ ही भविष्य में कार्य को सूचारू रूप से करने का आश्वासन दिया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 3759 दिनांक 26.06.2025 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 1709 दिनांक 16.09.2025 द्वारा इनके स्पष्टीकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृति नहीं करने की चेतानवी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य / अनुशंसा के आलोक में श्री जितेन्द्र कुमार रंजन, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN12042) को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है एवं चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृति की जाती है, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

Suharsh 13/04/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)आरोप(विविध)–09 / 2025 1277 **पटना, दिनांक** :– 21/04/2026

प्रतिलिपि :– श्री जितेन्द्र कुमार रंजन, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN12042), बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsh 13/04/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)आरोप(विविध)–09 / 2025 1277 **पटना, दिनांक** :– 21/04/2026

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsh 13/04/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(4)आरोप(विविध)–09 / 2025 1277 **पटना, दिनांक** :– 21/04/2026

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suhansh 13/04/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप